**Class - IX** **कुल मुद्रित पृष्ठ - 10**

**Mid Term Exam Paper**

**(2023-24)**

**Subject - HINDI**

**Set - C2**

| **निर्धारित समय - 3 घंटे** | **अधिकतम अंक - 80** |
|---|---|
| **सामान्य निर्देश -**<br>1) **इस प्रश्नपत्र में कुल 19 प्रश्न तथा 10 पृष्ठ हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**<br>2) **इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और 'ब'**<br>3) **खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**<br>4) **खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।**<br>5) **प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।**<br>6) **यथासम्भव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।** | |

## खंड - अ - बहुविकल्पीय/ वस्तुपरक प्रश्न

### (अपठित गद्यांश)

1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - 5X1 = 5

जिस विद्यार्थी ने समय की क़ीमत समझ ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है।प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या का समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए।जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी कार्य असम्भव नहीं है।कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई दिया करते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है।अपनी अकर्मण्यता और आलस्य को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं । कुछ लोगों को अकर्मण्य रहकर समय की कमी का बहाना बताना अच्छा लगता है।ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव व्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है।समय बीत जाने पर कार्य फलदायक नहीं रहता। सूरज यदि समय पर उदय और अस्त होना बंद कर दे, वर्षा यदि समय पर न हो, किसान समय पर अनाज न बोएँ तो कैसी स्थिति हो जाएगी ? ठीक इसी तरह यदि विद्यार्थी समय की क़ीमत नहीं समझेगा तो वह सफलता प्राप्त नहीं कर सकता।यदि विद्यार्थी केवल परीक्षा के समय परिश्रम करेगा और शेष दिन आराम करेगा तो उसे वांछित सफलता नहीं मिलेगी।

i) किस विद्यार्थी को सफलता मिलती है ?

a) जो बहुत पढ़ता है
b) जो तालिका बनाता है
c) जो सजग रहता है
d) जो समय की क़ीमत समझता है

ii) किसी कार्य के पूरा न होने पर समय की दुहाई देने वाले कैसे होते हैं ?

a) अकर्मण्य
b) परिश्रमी
c) सुस्त
d) तेज़

iii) दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने कैसा जीवन बिताया है ?

a) आराम में
b) व्यस्तता में
c) बहानेबाज़ी में
d) प्रकृति में

iv) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण ( R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए, उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

**कथन (A):** कुछ लोग अकर्मण्य और आलसी होते हैं।

**कारण (R) :** उन्हें कार्य पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय दिया जाना चाहिए।

a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।
b) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
c) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी ग़लत व्याख्या करता है।
d) कथन (A) ग़लत है लेकिन कारण (R) दोनों ग़लत हैं।

v) विद्यार्थी को कब वांछित सफलता नहीं मिलती है -

a) जब वह केवल परीक्षा के दिनों में ही परिश्रम करता है।
b) जब वह आराम करता रहता है।
c) जब वह परिश्रम नहीं करना चाहता ।
d) जब वह ठीक से आराम नहीं करता।

2) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - 5X1 = 5

संस्कृति और सभ्यता - ये दो शब्द हैं और इनके अर्थ भी अलग-अलग हैं। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है जिससे वह अपनी बाहरी तरक़्क़ी करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करना, प्रेम और परोपकार सीखता है। आज रेलगाड़ी, मोटर और हवाई जहाज़, लम्बी - चौड़ी सड़कें और बड़े-बड़े मकान, अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक - ये सभ्यता की पहचान है। जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है, उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं।मगर संस्कृति उन सबसे कहीं बारीक चीज़ है । वह मकान नहीं, मकान बनाने की रुचि है ; वह धन नहीं , गुण है। संस्कृति ठाट-बाट नहीं , विनय और विनम्रता है। मनुष्य के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मात्सर्य - ये छः विकार प्रकृति के द्वारा दिए गए हैं। किंतु यदि इन विकारों पर बुद्धि का नियंत्रण न हो तो मनुष्य जानवर से भी निम्न कोटि का हो जाएगा। इस नियंत्रण को साधने के लिए ही संस्कृति और संस्कारों की आवश्यकता होती है। इनके अभाव में सभ्यता अर्थहीन है।

i) सभ्यता का क्या अभिप्राय है?

a) भीतरी तरक़्क़ी b) अच्छे गुण

c) बाहरी तरक़्क़ी d) इनमें से कोई नहीं

ii) संस्कृति है -

a) अच्छी पोशाक b) विनम्रता

c) ठाट-बाट d) मोह

iii) संस्कृति शब्द में उपसर्ग है -

a) कृति b) संस्

b) सं d) सम्

iv) इस गद्यांश के अनुसार विकार शब्द का क्या अर्थ है ?

a) बाहरी तरक़्क़ी b) भीतरी उन्नति

c) बुराइयाँ d) गुण

v) हम किसे सभ्य मानते हैं?

a) लोभ और मोह से युक्त लोग b) प्रेम और परोपकार से युक्त लोग

c) अच्छा भोजन और पोशाक वाले लोग d) इनमें से कोई नहीं

**(पाठ्यपुस्तक 'स्पर्श' भाग-1)**

3) दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - 5X1 = 5

यहाँ रोज़ कुछ बन रहा है
रोज़ कुछ घट रहा है
यहाँ स्मृति का कुछ भरोसा नहीं

एक ही दिन में पुरानी पड़ जाती है दुनिया
जैसे वसंत का गया पतझड़ को लौटा हूँ
जैसे बैसाख का गया भाड़ों को लौटा हूँ
अब यही है उपाय कि हर दरवाज़ा खटखटाओ
और पूछो - क्या यही है वो घर?

समय बहुत कम है तुम्हारे पास
आ चला पानी ढहा आ रहा अकास
शायद पुकार ले कोई पहचान ऊपर से देखकर।

i) उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार हैं -

a) रैदास b) रामधारी सिंह दिनकर

c) अरुण कमल d) हरिवंश राय बच्चन

ii) दुनिया एक ही दिन में क्यों पुरानी पड़ जाती है?

a) क्योंकि जो बीत गया सो बात गई
b) क्योंकि नित्य नए परिवर्तन हो रहे हैं
c) क्योंकि बीता दिन फिर लौट कर नहीं आता
d) क्योंकि बीता हुआ दिन पुराना हो जाता है

iii) हर दरवाज़े पर जाकर कवि ने क्या पूछा?
a) क्या वह उसी शहर में है?
b) क्या यह भादों का मौसम है ?
c) क्या यह वही मकान है?
d) क्या वे लोग उसे पहचानते हैं?

iv) उपर्युक्त पद्यांश में इनमें से किस ऋतु का नाम लिया गया है?
a) बैसाख
b) पतझड़
c) आषाढ़
d) माघ

v) इस कविता में कवि ने किस समस्या की ओर इशारा किया है?
a ) भूलने की बीमारी
b) समय की कमी
c ) मौसम का बदलना
d) बड़े शहरों में संवेदनशीलता का घटना

4) निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए - 2X1 = 2

i) हिरन किससे खुश होकर अपना शरीर न्योछावर कर देता है ?
a) गीत-संगीत
b) इंसान
c) भोजन
d) शिकारी

ii) एक पत्र छाँह भी माँग मत ! - यहाँ पत्र का क्या आशय है ?
a) संदेश
b) चिट्ठी
c) पत्ता
d) शीतल

5) निम्न गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए - 5X1 = 5

एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हज़ारों मीटर लम्बी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था । हमने पहले बर्फ़ के फावड़े से बर्फ़ खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया । इसके बाद मैं अपने घुटने के बल बैठी, बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने ‘सागरमाथे' के ताज का चुम्बन लिया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लये लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चना की और इनको बर्फ़ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता-पिता का ध्यान आया।

i) एवरेस्ट की चोटी कैसी थी?
a) सपाट
b) शंकु
c) त्रिशंकु
d) ऊँची

ii) लेखिका के सामने कौन-सा प्रश्न था?
a) अपनी व साथियों की सुरक्षा का
b) ढलान का
c) अत्यधिक लम्बाई का
d) चढ़ाई का

iii) 'सुरक्षित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है ?
a) सु b) रक्षा c) इत d) त

iv) चोटी पर पहुँच कर लेखिका ने क्या किया ?
a) घुटनों के बल बैठी b) सागरमाथे के ताज का चुम्बन किया
c) अपने की सुरक्षित रूप से स्थिर किया d) उपर्युक्त सभी

v) आनंद के क्षणों में लेखिका को किसका ध्यान आया?
a) भगवान का b) सुरक्षा का c) माता-पिता का d) सागरमाथे का

6) निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए - 2X1 = 2

i) पोशाक कब अड़चन बन जाती है?
a) कभी नहीं b) जब हम झुकना चाहते हैं
c) जब हम समाज की निचली श्रेणियों की अनुभूति नहीं समझना चाहते।
d) b और c दोनों

ii) लेखक क्या जानता है ?
a) अतिथि देवता होता है ।
b) वह स्वयम् एक सामान्य मनुष्य है।
c) देवता और मनुष्य देर तक साथ नहीं रहते।
d) उपर्युक्त सभी बातें ।

## (व्यावहारिक व्याकरण )

7) शब्द तथा पद पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 2X1 = 2

i) शब्द किनसे बनता है ?
a) वर्णों से b) स्वरों से c) व्यंजनों से d) वाक्यों से

ii) राघव विद्यालय जाता है । - इस वाक्य में विद्यालय क्या है ?
a) शब्द b) पद c) वर्ण d) वाक्य

8) अनुस्वार और अनुनासिक पर आधारित निम्न प्रश्नों में से **किन्हीं दो** के उत्तर दीजिए - 2X1 = 2

i) किस शब्द में अनुस्वार का सही प्रयोग किया गया है -
a) कंजूस b) कजूंस c) कजूसं d) कंजूंस

ii) निम्नलिखित में से किस शब्द में अनुनासिक का सही प्रयोग नहीं किया गया है ?
a) गूँज b) आँधी c) भँवरा d) कदँब

iii) किस शब्द में अनुस्वार का उचित प्रयोग किया गया है ?
a) सांप b) हिमपुंज c) चांद d) गांव

9) उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित निम्न में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4X1 = 4

i) 'परामर्श' शब्द में उपसर्ग क्या है ?
a) प b) परा c) मर्श d) अमर्श

ii) 'प्रौद्योगिक' शब्द में मूल शब्द क्या है ?
a) प्रौ b) इक c) प्रौद्योग d) उद्योग

iii) 'चतुराई' शब्द में कौन-सा प्रत्यय है ?
a) चतुर b) राई c) आई d) तुराई

iv) किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग हुआ है?
a) पठनीय b) अमानवीय c) घुमक्कड़ d) बचपन

v) किस शब्द में एक साथ दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है ?
a) बुद्धिमान b) सजावट c) राष्ट्रीयता d) दुकानदार

10) संधि पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए - 3X1 = 3

i) स्वर संधि के कितने भेद हैं?
a) तीन b) चार c) पाँच d) छः

ii) 'राकेश' का सही संधि-विच्छेद है -
a) रा+केश b) राक+ईश c) राका+ ईश d) राके+ ऐश

iii) इनमें से दीर्घ संधि का उदाहरण है -
a)इत्यादि b) भवन c) पुरुषोत्तम d) हिमालय

iv) 'महोत्सव' में प्रयुक्त संधि का नाम है -
a) दीर्घ संधि b) गुण संधि c) यण संधि d) वृद्धि संधि

11) विराम-चिह्न पर आधारित निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** के उत्तर दीजिए - 3X1 = 3

i) उचित विराम-चिह्न के प्रयोग वाले वाक्य का चयन कीजिए -

a) गाँधी जी ने कहा, हम स्वराज्य लाएँगे !
b) "गाँधी जी" ने कहा हम स्वराज्य लाएँगे।
c) गाँधी जी ने कहा - "हम स्वराज्य लाएँगे।"
d) गाँधी जी ने कहा , हम स्वराज्य लाएँगे?

ii) निम्नलिखित में से अल्प-विराम चिह्न कौन-सा है ?

a) ; b) , c) ? d) "-----"

iii) वाह! तुमने तो कमाल कर दिया । - इस वाक्य में किन विराम-चिह्नों का प्रयोग किया गया है ?

a) अर्धविराम, पूर्णविराम b) अल्पविराम, प्रश्नसूचक
c) विस्मयसूचक, पूर्णविराम d) लाघवचिह्न, पूर्णविराम

iv) लिखते समय यदि कोई शब्द लिखने से छूट जाए तो उसे लिखने हेतु किस चिह्न की आवश्यकता होगी ?

a) उद्धरण चिह्न b) त्रुटिपूरक / हंसपद c) लाघव चिह्न d) विस्मयसूचक चिह्न

12) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के उत्तर लिखिए - 2X1 = 2

i) 'फूल मत तोड़ो।' - अर्थ की दृष्टि से सही वाक्य-भेद चुनिए -

a) संदेहवाचक वाक्य b) निषेधवाचक वाक्य
c) संकेतवाचक वाक्य d) आज्ञावाचक वाक्य

ii) अर्थ के आधार पर कौन-सा वाक्य-भेद सही नहीं है?

a) इच्छवाचक वाक्य b) संदेहवाचक वाक्य
c) सरल वाक्य d) प्रश्नवाचक वाक्य

iii) कौन-सा वाक्य संकेतवाचक है?

a) मैं भी जयपुर चलूँगा । b) मैं जयपुर नहीं चलूँगा।
c) क्या मैं जयपुर चलूँ ? d) यदि तुम जयपुर चलोगे तो मैं भी चलूँगा।

## खंड - ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

13) पूरक पाठ्य -पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्ही दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में दीजिए - 3X2 = 6

i) यह काकभुशुंडि भी विचित्र पक्षी है - एक साथ समादरित, अनादरित ; अति सम्मानित , अति अवमानित।आपकी दृष्टि में कौआ क्या है - समादरित अथवा अनादरित ? अपने उत्तर की पुष्टि में तर्क दीजिए।

ii) 'चक्षुश्रवा' किसे कहा जाता है और क्यों ? कुएँ वाली घटना सुनकर लेखक की माँ ने क्या प्रतिक्रिया की ?

iii) लेखक ने ऐसा क्या काम किया कि वह भारी मुसीबत में फँस गया ? स्मृति पाठ के आधार पर बताइए।

14) पद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्ही दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में दीजिए - 3X2 = 6

i) रैदास के पदों के काव्य-सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए तथा प्रथम पद का प्रतिपाद्य संक्षिप्त में बताइए।

ii) " जहाँ काम आवै सुई कहा करै तरवारि।।" - का आशय स्पष्ट कीजिए।

iii) 'अग्नि पथ' शब्द किसके प्रतीक के रूप में प्रयोग किया गया है? कवि किस बात की शपथ लेने को कह रहा है?

15) गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्ही दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों** में दीजिए - 3X2 = 6

i) शोक मनाने और ग़म मनाने के लिए प्रयुक्त 'सहूलियत' शब्द की विषमता को पाठ दुःख का अधिकार के आधार पर समझाइए।

ii) "लोग दूसरे के होम की स्वीटनेस को काटने न दौड़ें" - ' तुम कब जाओगे , अतिथि' पाठ से ली गई इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

iii) नमचे बाज़ार की प्रसिद्धि का क्या कारण है? लेखिका ने एवरेस्ट को क्या नया नाम दिया और क्यों?

## (रचनात्मक लेखन)

16) **किसी एक** विषय पर लगभग **100 शब्दों में** पत्र लिखिए - 1X6 = 6

अपने मित्र को पत्र लिखिए जिसमें आने वाली परीक्षा की तैयारी के विषय में उसे सलाह दी गई हो।

अथवा

आपको प्रधानाचार्य जी के द्वारा उत्तम छात्र का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।अपनी प्रसन्नता और अनुभव को साझा करते हुए अपनी नानी जी को पत्र लिखिए।

17) **किसी एक** विषय पर लगभग **100 शब्दों में** संवाद लिखिए - 1X5 = 5

पेड़ और मनुष्य के मध्य काल्पनिक संवाद लिखिए।

अथवा

भारत के चंद्रयान-3 मिशन के बारे में अध्यापिका और विद्यार्थी के मध्य संवाद लिखिए।

18) निम्नलिखित में से **किसी एक** विषय पर दिए गए संकेत- बिंदुओं के आधार पर **लगभग 100 शब्दों** का अनुच्छेद लिखिए- 1X6 = 6

(i) विज्ञापन और हमारा जीवन

संकेत बिंदु - विज्ञापन का उद्देश्य, विज्ञापनों का प्रभाव , विज्ञापनों का सामाजिक दायित्व

(ii) मनोरंजन का महत्व

संकेत बिंदु - मनोरंजन का अर्थ एवम् प्रकार , स्वस्थ मनोरंजन ही वास्तविक, समयावधि और महत्व ।

(iii) सब दिन होत न एक समान

संकेत बिंदु - पंक्ति का अर्थ , जीवन में सुख-दुःख का आना , दोनों परिस्थियों का सामना करने का ढंग

19) नीचे दिए गए चित्र का **<u>लगभग 100 शब्दों में</u>** वर्णन कीजिए - 1X5 = 5

